भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2649**
दिनांक 9 जुलाई, 2019 को उत्तर देने के लिए

## 'वर्ल्ड फूड इंडिया' समारोह

**2649. डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:**
**श्री कुलदीप राय शर्मा:**
**डॉ. सुभाष रामराव भामरे:**
**डॉ. हिना विजयकुमार गावीत:**
**श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:**
**श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:**
क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** क्या सरकार ने घरेलू और विदेशी निवेशकों से निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से वर्ष 2017 में 'वर्ल्ड फूड इंडिया' समारोह आयोजित किया था;
**(ख)** यदि हां, तो क्या सरकार अपने उद्देश्य की प्राप्ति में सफल रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
**(ग)** क्या सरकार का अब 'वर्ल्ड फूड इंडिया' (डब्ल्यू एफ आई)-2019 समारोह आयोजित करने का विचार है;
**(घ)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और वर्ल्ड फूड इंडिया (डब्ल्यूएफआई)-2019 समारोह के मुख्य विषयों का ब्यौरा क्या है;
**(ङ)** उक्त कार्यक्रम में भाग लेने वाले देशों का ब्यौरा क्या है;और
**(च)** क्या सरकार का आगामी वर्ल्ड फूड इंडिया-2019 समारोह के आयोजन में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों (एफपीआई) में बड़े पैमाने पर निवेश अवसरों का सृजन करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने और उनके विकास और वृद्धि के लिए नए आयाम तलाशने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

**<u>उत्तर</u>**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

**(क)** जी, हां ।

**(ख)** जी, हां । वर्ल्ड फूड इंडिया, 2017 में अन्य के साथ-साथ 61 देशों, भारत के 27 राज्यों एवं 60 वैश्विक सीईओज ने भाग लिया था । उसमें लगभग 800 वैश्विक तथा घरेलू प्रदर्शनकर्ताओं और लगभग 75000 व्यापारिक दर्शक आए थे । इस आयोजन के दौरान लगभग 13.56 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के निवेश अभिप्राय प्राप्त हुए थे ।

**(ग)** जी,हां ।

**(घ)** इस आयोजन का फिर से मूल विषय, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के घरेलू एवं विदेशी निवेशकों से निवेश आकर्षित करना होगा । निवेश को सुविधाजनक बनाने हेतु इस आयोजन में प्रदर्शनियां, सेमिनार, देश एवं राज्य सत्र तथा बी2बी बैठकें आयोजित की जाएंगी ।

**(ड.)** इस आयोजन में भाग लेने वाले देशों से संबंधित पूरे ब्यौरे को अभी अंतिम रुप नहीं दिया गया है ।

**(च)** विभिन्न राज्य सरकारें, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश के लिए उनके राज्य में उपलब्ध अवसरों को प्रमुखता से प्रदर्शित करेंगी । खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के साथ-साथ प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत सरकार द्वारा कार्यान्वित विभिन्न स्कीमों के प्रोत्साहन के लिए शीर्षस्थ उद्योगों संघों की सहायता से पूरे देश में सेमिनार एवं कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं ।

******